CAREER COUNSELING FOR CLASS X

Set your career goals high and don't stop till you get there.

If you want it, work for it.

A Journey of Career exploration in the form of a counselling session was organized in the premises of ST MONTFORT SCHOOL BHOPAL under the stringent leadership of school Principal Rev Bro Monachan for the students and parents of Class X 2022-2023 on 15th April Saturday.

The session began with a prayer song by school choir.

The resource person Dr Nidhi Sahu, Vice Principal Br Edmund Soreng, Senior Most Teachers Mrs Meenakshi Sharma, Miss Sangeeta Hasija, school counsellor Mrs Shradha Balwani inaugurated the program with lighting of lamp.

Dr Nidhi Sahu is a director and founder of life Ahead Counselling Centre in Bhopal. She is also a guest speaker to many academic institutes.

Based on the principles of positive psychology and understanding the needs of the aspirants Dr Nidhi focused on self-analysis, short term internships, career options, the future prospects in these fields and the best way to prepare for them.

She also motivated the students to develop various skills and to gather complete information about the various exams such as JIPMER, NATA, GRE, GMAT and so on.

An open question and answer session was also there for Parents and Students to clarify their queries regarding the topic which proved to be very productive and was attended by everyone with an overwhelming response.

The management and staff were thankful to Dr Nidhi Sahu and Parents for sparing their precious time and making the event a success.

It was indeed remarkable.

BY SAMTA CHAWLA

कक्षा दसवीं के लिए कैरियर ओरियंटेशन कार्यक्रम

15 अप्रैल 2023 . सेन्ट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर ।

कक्षा 10 वीं के छात्रों लिए विद्यालय में कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ .निधि साहू, मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता, निर्देशक, जीवन परामर्श केन्द्र,आदरणीय उपप्राचार्य ब्रदर एडमंड सोरेंग के आतिथ्य में संपन्न हुआ । सेमिनार में कक्षा 10वीं की सभी कक्षा अध्यापक-अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं।

कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन करते हुए प्रार्थना गीत से हुआ। श्रीमती समता चावला द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय दिया गया। डॉ निधि साहू कई शैक्षणिक संस्थानों की विजिटिंग फैकल्टी/गेस्ट स्पीकर भी हैं। वह एनएलपी, रेकी प्रैक्टिशनर हैं। उन्होंने मौलाना आजाद नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भोपाल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च भोपाल, आधार सेंटर ऑफ काउंसलिंग भोपाल में विजिटिंग काउंसलर के रूप में काम किया है। वह आर आई ई ,भोपाल, आकाशवाणी, ज्ञान वाणी, इंडिया टीवी, एमपी सीजी में विजिटिंग फैकल्टी है। वह शैक्षणिक कार्यशालाओं और उन्मुखीकरण कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं।

मुख्य अतिथि ने कैरियर कॉलेजों में प्रवेश तथा विदेशों में विद्यार्थियों को पढ़ाई के अवसर अथवा एडमिशन आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैरियर जीवन में एक महत्वपूर्ण विषय है जिसका सही चुनाव करना बहुत ही जरूरी है। किसी भी व्यक्ति के जीवन में व्यवसाय ही ऐसी चीज है जिसके माध्यम से अत्यधिक ज्ञान के साथ-साथ वह पैसे कमा सकता है अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। जबरदस्ती में चुने हुए कैरियर से कभी भी सफलता नहीं मिलती । ऐसे चुनाव से मात्र मानसिक तनाव और जीवन बर्बाद होता है क्योंकि ऐसे लोगों को ना विषय की जानकारी होती है और ना ही वह सही तरीके से उसमें कार्य कर सकते हैं। वास्तव मे सबमें अपनी-अपनी योग्यता होती है उसको पहचानकर कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हो । सबसे मुख्य बात यही कैरियर चुनते समय यह ध्यान रखें कि कैरियर वही सही है जो दिल को सुकून दे। आपको वही कैरियर सूट करेगा जिसके विषय में आपको ज्ञान है और जिस क्षेत्र में आपको ज्यादा जानकारी है । उन्होंने छात्रों को जागरूक किया कि हर बच्चा गुणों के साथ पैदा होता है। उसे आवश्यकता है अपनी ताकत, कमजोरी, रूचियों, क्षमताओं को पहचानने की। छात्रों को बताया गया कि कैरियर का चयन करते समय अपने साथियों से प्रभावित न हो अपना स्वयं का लक्ष्य बनाए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। बच्चों को गणित, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी और वाणिज्य विषय आदि से संबंधित नौकरियों की भी जानकारी दी गई। भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों तथा विभिन्न व्यवसायों के बारे में बताया गया ।

छात्रों ने कार्यक्रम में रुचि दिखाते हुए अनेक प्रश्न किए जिनका उत्तर डॉ निधि साहू तथा स्कूल काउंसलर श्रीमती श्रद्धा बलवानी द्वारा दिया गया । कार्यक्रम में उप प्राचार्य ब्रदर एडमंड सोरेंग,कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति मेम , सिस्टर जैनी, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा की उपस्थिति ने सभी का उत्साहवर्धन किया । श्री आकाश अग्रवाल द्वारा उपस्थित अभिभावकों का धन्यवाद दिया गया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

संगीता हसीजा